भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **6192**

दिनांक 01.04.2026 को उत्तर देने के लिए

राजस्थान में पोटाश खनिजों का अन्वेषण और विकास

6192. श्री कुलदीप इंदौराः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों सहित पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में पोटाश खनिज के संभावित भंडार की मौजूदगी के संबंध में संकेत मिले हैं;
(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों में अब तक किए गए भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों और अन्वेषणों के आधार पर अनुमानित पोटाश भंडार और पहचाने गए स्थानों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त संभावित पोटाश भंडारों के दोहन के लिए किसी खनन ब्लॉक की नीलामी की है/नीलामी की प्रक्रिया प्रस्तावित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का पोटाश उर्वरक के आयात पर देश की निर्भरता कम करने और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त भंडारों को विकसित करने की किसी विशेष योजना का विचार है; और
(ङ) उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) और (ख): राजस्थान में पोटाश संसाधनों का स्थानवार विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ग): सरकार ने राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में समेकित लाइसेंस प्रदान करने हेतु पोटाश के दो ब्लॉकों की नीलामी की है। विवरण इस प्रकार है:

क्रम संख्या	ब्लॉक का नाम	सामग्री	वर्ष
1.	झंडावाली - सतीपुरा अमलगमेटेड पोटाश और हैलाइट ब्लॉक, हनुमानगढ़, राजस्थान	पोटाश और हैलाइट	2025-26
2.	जोर्कियान-सतीपुरा-खुंजा अमलगमेटेड पोटाश और हैलाइट ब्लॉक, हनुमानगढ़, राजस्थान	पोटाश और हैलाइट	2025-26

(घ) और (ङ): खनिज ब्लॉक की नीलामी के बाद, अधिमान्य बोलीदाता आगे के गवेषण, व्यवहार्यता और आर्थिक व्यवहार्यता संबंधी अध्ययन करता है। क्षेत्रीय औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन आदि ऐसे अध्ययनों के बाद शुरू किए गए खनन संबंधी प्रचालनों पर निर्भर करते हैं।

*****

अनुलग्नक-I

राजस्थान राज्य में स्थापित पोटाश संसाधनों का स्थानवार विवरण

क्रम संख्या.	जिला	स्थान/ब्लॉक	यूएनएफसी स्टेज	संसाधन (मिलियन टन में)
1.	बीकानेर	हंसेरान	**जी4**	**16.13**
2.	बीकानेर	लाखासर ब्लॉक	**जी3**	**108.98**
3.	बीकानेर	लाखासर उप-बेसिन	**जी3**	**25.94**
4.	बीकानेर	लाखासर पूर्व ब्लॉक	**जी3**	**24.76**
5.	फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब) और श्रीगंगानगर (राजस्थान)	फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब और श्रीगंगानगर	**जी4**	**194.58**
6.	हनुमानगढ़	भारूसरी उत्तर	**जी3**	**5.84**
7.	हनुमानगढ़	भारूसरी उप बेसिन	**जी3**	**12.83**
8.	हनुमानगढ़	बावरियावाली ढाणी दक्षिण पूर्व	**जी3**	**4.03**
9.	हनुमानगढ़	चिश्तियां दक्षिण ब्लॉक	**जी2**	**6.61**
10.	हनुमानगढ़	धनकोवाली ढाणी (उत्तर) ब्लॉक	**जी3**	**74.22**
11.	हनुमानगढ़	झंडावाली उत्तर ब्लॉक	**जी3**	**8.24**
12.	हनुमानगढ़	जोरकियां दक्षिण ब्लॉक	**जी3**	**17.77**
13.	हनुमानगढ़	जखरांवाली	**जी4**	**3.39**
14.	हनुमानगढ़	झंडावाली दक्षिण ब्लॉक	**जी3**	**9.51**
15.	हनुमानगढ़	खुंजा (उत्तर पश्चिम) ब्लॉक	**जी3**	**12.39**
16.	हनुमानगढ़	मक्कासर	**जी3**	**7.61**
17.	हनुमानगढ़	मक्कासर उत्तर	**जी3**	**11.35**
18.	हनुमानगढ़	नई बस्ती	**जी3**	**6.16**
19.	हनुमानगढ़	सतीपुरा उप-बेसिन	**जी3**	**133.07**